# राजस्थान सरकार
## सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

क्रमांकः फ5(593)/सूप्रौ/तक/12/I/32343/2015 जयपुर, दिनांकः 25-5-15

**परिपत्र**

**विषयः ब्लॉक/तहसील स्तर पर पदस्थापित प्रोग्रामर एवं सूचना सहायक के वेतन आहरण–वितरण के संबंध में।**

विभागीय आदेश क्रमांक फ5(593)/सू.प्रौ./तक/12/I/31910/2015 दिनांक 12.05.15 एवं फ5(593)/सू.प्रौ./तक/12/I/31909/2015 दिनांक 12.05.15 के द्वारा इस विभाग के प्रशासनिक नियत्रंणाधीन नवसृजित जिला कार्यालयों के सृजन उपरांत निम्नानुसार स्थिति स्पष्ट की जाती हैः–

1. विभागीय आदेश क्रमांक फ5(593)/सू.प्रौ./तक/12/I/31909/2015 दिनांक 12.05.15 में नवसृजित जिला कार्यालयों के विरुद्ध दर्शायी स्वीकृत पदों की स्थिति के नवीन पद नही है अपितु जिला कलेक्टर कार्यालयों में स्वीकृत पदों में ही नव सृजित कार्यालयों में स्थानान्तरित किया गया है।

2. विभागीय आदेश क्रमांक प2(996)/सू.प्रौ./संस्था/12/1154 दिनांक 19.02.2013 से ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर स्वीकृत प्रोग्प्रमर एवं सूचना सहायकों के पद भी एतत्पश्चात संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी (एसीपी (उपनिदेशक)) के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन होंगे।

3. ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर स्वीकृत प्रोग्प्रमर एवं सूचना सहायकों के वेतन व भत्तों का आहरण व वितरण जिला मुख्यालय (कार्यालय एसीपी (उपनिदेशक)) स्तर से ही किया जाएगा।

4. वेतन आहरण हेतु ब्लॉक व तहसील स्तर पर कार्यरत प्रोग्प्रमर एवं सूचना सहायकों को गत माह की दिनांक 16 सें चालू माह की दिनांक 15 तक का अनुपस्थिति विवरण पत्र चालू माह की दिनांक 20 तारिख तक आवश्यक रुप से जिला कार्यालय एसीपी (उपनिदेशक) को उपलब्ध करवाने होंगे।

(अखिल अरोरा)
सचिव एवं आयुक्त,
सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

आई.टी. बिल्डिंग, योजना भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर–302005
दूरभाषः 0141–2224855, फेक्सः 0141–2222011

## राजस्थान सरकार
## सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

प्रतिलिपि निम्न को सूचनाथै एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1. महालेखाकार, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
3. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (व्यय–3) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
4. समस्त जिला कलेक्टर, राजस्थान।
5. समस्त जिला कोषाधिकारी, राजस्थान।
6. कार्यालयाध्यक्ष/आहरण वितरण अधिकारी, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
7. समस्त एसीपी (उपनिदेशक), जिला कलेक्ट्रेट, राजस्थान।
8. लेखा शाखा, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
9. प्रभारी अधिकारी, वेबसाईट, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
10. रक्षित पत्रावली।

तकनीकी निदेशक एवं
सयुक्त शासन सचिव

आई.टी. बिल्डिंग, योजना भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर–302005
दूरभाषः 0141–2224855, फेक्सः 0141–2222011